संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि टैंकों के निर्माण के लिए जिस फ्रांसीसी प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा था उसके बारे में अन्तिम निश्चय करने की दिशा में क्या प्रगति हुई है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री रघुरामैया) : भारत में हल्के टैंकों के निर्माण के प्रस्ताव पर बात-चीत के लिए एक फ्रांसीसी दल ७ नवम्बर, १९६३ को भारत पहुंचा है, बात-चीत चल रही है।

उत्तर प्रदेश में सैनिक स्कूल

१८. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री १९ अगस्त, १९६३ के अतारांकित प्रश्न संख्या ४२० के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश में एक सैनिक स्कूल की स्थापना करने की दिशा में इस बीच और क्या कदम उठाये गये हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया है कि नैनीताल के समीप कोरखल सम्पत्ति का निरीक्षण किया गया है और उत्तर प्रदेश में सैनिक स्कूल के स्थान के लिए उस पर विचार किया जा रहा है अधिक विस्तार की राज्य सरकार से प्रतीक्षा की जा रही है।

भारत सेवक समाज

१९. { **श्री ओंकारलाल बेरवा :**
श्री छतर सिंह :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने भारत सेवक समाज को कई जगह ठेके पर काम करने को कहा है और सरकार की तरफ से हर एक सहूलियतें उन्हें दी जाती हैं; और

(ख) यदि हां, तो राजस्थान में १९६२ में भारत सेवक समाज ने कितना काम किया और कितना स्टाफ का खर्चा हुआ ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख). समाज को बयाना, जमानत और ब्याज दिये जाने वाले "कार्य पेशगियों" की अदायगी के बारे में छूट देना, जैसी कुछ सहूलियतें दी जाती हैं ।

२. एक विवरण सभा की मेज पर रखा जाता है जिस में उपलब्ध सूचना दी गई है ।

विवरण

काम का नाम	कार्य का मूल्य	कैफ़ियत
दिओली डिटेंशन कैम्प में बैरकों का निर्माण	८ लाख रुपये (अनुमानतः)	यह काम खुले प्रतियोगी टेंडरों के आधार पर दिया गया था और फरवरी, १९६३ में पूरा हो गया है ।
चंबल समिति, कोटा	२.५ लाख रुपये (अनुमानतः)	यह राशि उस काम के मूल्य को बताती है जो १९६२–६३ के दौरान किया गया ।

नोट : (१) स्टाफ पर कितना खर्चा हुआ, इस के बारे में अलग से आंकड़े प्राप्त नहीं हैं । परन्तु मोटे तौर से मज़दूरों को छोड़ कर, सुपरवाइजरी स्टाफ का खर्चा कुल काम के मूल्य का लगभग ३ प्रतिशत आता है ।

(२) उपर्युक्त सूचना, भारत सेवक समाज की राजस्थान यूनिट ने दी है ।